Bharat Temples

दर तेरा बाबा मुझे,
स्वर्ग से प्यारा,
तेरा ही दर मेरे,
जीने का सहारा,
तेरा ही दर मेरे,
जीने का सहारा।।

तर्ज झिलमिल सितारों का आँगन।

श्याम खाटू वाले तुम,
शीश के हो दानी,
तुमसा ना देव दूजा,
तुम सा ना दानी,
हम जैसे हारो को तो,
तेरा ही सहारा,
दर तेंरा बाबा मुझे,
स्वर्ग से प्यारा।।

दुनिया से मांगा बाबा,
कुछ ना मिला,
तेरे दर पे आके मेरा,
भाग्य जगा,
तुमने ही बाबा मेरा,
जीवन संवारा,
दर तेंरा बाबा मुझे,

स्वर्ग से प्यारा।।

जब तक है जीवन बाबा,
मुख मत मोड़ना,
आंधी चाहे तूफा आए,
साथ मत छोड़ना,
तुम ही तो बाबा मेरी,
कश्ती का किनारा,
दर तेंरा बाबा मुझे,
स्वर्ग से प्यारा।।

तमन्ना यही है बाबा,
गुण तेरे गाऊं,
सारी उमर तेरी,
सेवा में बिताऊं,
संगीता को बाबा,
तेरा ही सहारा,
दर तेंरा बाबा मुझे,
स्वर्ग से प्यारा।।

दर तेरा बाबा मुझे,
स्वर्ग से प्यारा,
तेरा ही दर मेरे,
जीने का सहारा,
तेरा ही दर मेरे,
जीने का सहारा।।

गायिका संगीता राठौर।

Source: https://www.bharattemples.com/dar-tera-baba-mujhe-swarg-se-pyara/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw